क्रमशः लगभग 600 प्रतिशत, 400 प्रतिशत तथा 200 प्रतिशत तक बढ़ गयी है।

(ङ) 55 वृहद, 98 मध्यम तथा 15 विस्तार/नवीकरण/आधुनिकीकरण परियोजनाओं को आठवीं योजना में पूरा करने का कार्यक्रम है। शेष परियोजनाओं को पूरा करने का कार्यक्रम नहीं बनाया गया है क्योंकि नवीं योजना को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

विदेशी संस्थानों से वित्तीय सहायता

3421. **श्री राम जेठमलानी:** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में अनेक सिंचाई परियोजनाओं का विदेशी वित्तीय संस्थानों की वित्तीय सहायता से निर्माण किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो मार्च, 1994 के अंत में इन परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी थी;

(ग) इन परियोजनाओं के निर्माण के लिये विदेशी वित्तीय सहायता की कुल कितनी धनराशि मंजूर की गई है;

(घ) मंजूर की गई विदेशी वित्तीय सहायता की कितनी धनराशि को मार्च, 1994 के अंत तक उपयोग में नहीं लाया जा सका था;

(ङ) क्या यह भी सच है कि सरकार को इस अप्रयुक्त धनराशि पर प्रतिबद्धता शुल्क देना पड़ता है; और

(च) यदि हां, तो मार्च, 1994 के अंत तक सरकार द्वारा अदा किए गए प्रतिबद्धता शुल्क की कुल धनराशि कितनी है?

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.के. थुंगन): (क) से (घ) 31.3.1994 की स्थिति के अनुसार निर्माणाधीन बाह्य सहायता प्राप्त सिंचाई परियोजनाओं, वचनबद्ध सहायता राशि, नहीं ली गयी राशि का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण संलग्न है। (नीचे देखिए)।

(ङ) और (च) उपयोग न की गयी राशि पर वचनबद्ध प्रभार सरकार द्वारा देय हैं। मार्च, 1994 तक वचनबद्ध प्रभारों के रूप में सहायता प्रदान करने वाले अभिकरणों को 23.30 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है।

विवरण

(मिलियन डालर में राशि)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	राज्य	दाता अभिकरण	31.3.1994 तक उपलब्ध सहायता राशि	करार की तारीख	क्रेडिट समापन	31.3.1994 की स्थिति के अनुसार नहीं ली गयी शेष राशि
1.	आन्ध्र प्रदेश सिंचाई परियोजना फेज-II	आन्ध्र प्रदेश	विश्व बैंक	174.110 मिलियन अमेरिकन डालर	28.5.1986	30.6.1994	20.197 मिलियन अमेरिकन डालर
2.	अपर कृष्णा सिंचाई परियोजना फेज-(III)	कर्नाटक	विश्व बैंक	207.50 मिलियन अमेरिकन डालर	16.6.1989	31.12.1996	13.933 मिलियन अमेरिकन डालर
3.	महाराष्ट्र कम्पोजिट सिंचाई परियोजना-[II]	महाराष्ट्र	विश्व बैंक	182.620 मिलियन अमेरिकन डालर	5.12.1985	31.3.1996	41.190 मिलियन अमेरिकन डालर
4.	पंजाब सिंचाई एवं जल निकास परियोजना	पंजाब	विश्व बैंक	155.670 मिलियन अमेरिकन डालर	9.2.1990	31.3.1998	99.268 मिलियन अमेरिकन डालर
5.	अपर गंगा सिंचाई आधुनिकीकरण परियोजना	उत्तर प्रदेश	विश्व बैंक	135.330 मिलियन अमेरिकन डालर	29.6.1984	30.9.1994	17.198 मिलियन अमेरिकन डालर
6.	राष्ट्रीय जल प्रबंध परियोजना	बहु राज्यीय	विश्व बैंक	127.270 मिलियन अमेरिकन डालर	15.5.1987	31.3.1995	25.465 मिलियन अमेरिकन डालर
7.	बांध सुरक्षा आश्वासन एवं पुनर्स्थापन परियोजना	बहु राज्यीय	विश्व बैंक	154.370 मिलियन अमेरिकन डालर	10.6.1991	30.9.1997	139.520 मिलियन अमेरिकन डालर

(मिलियन डालर में राशि)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	राज्य	दाता अभिकरण	31.3.1994 तक उपलब्ध सहायता राशि	करार की तारीख	क्रेडिट समाप्त	31.3.1994 की स्थिति के अनुसार नहीं ली गयी शेष राशि
8.	बिहार सार्वजनिक नलकूप परियोजना	बिहार	विश्व बैंक	26.630 मिलियन अमेरिकी डालर	13.1.1987	31.5.1994	7.747 मलियन अमेरिकी डालर
9.	गुजरात मझौली सिंचाई परियोजना	गुजरात	विश्व बैंक	196.980 मिलियन अमेरिकी डालर	29.6.1984	31.3.1994	26.134 मिलियन अमेरिकी डालर
10.	पश्चिम बंगाल लघु सिंचाई परियोजना	पश्चिम बंगाल	विश्व बैंक	63.10 मिलियन अमेरिकी डालर	27.9.1985	31.3.1994	17.889 मिलियन अमेरिकी डालर
11.	उत्तर प्रदेश नलकूप परियोजना	उत्तर प्रदेश	नीदरलैंड	90.00 मिलियन डीएफएल	27.8.1987	31.12.1984	29.347 मिलियन डीएफएल
12.	अपर कोलाब सिंचाई परियोजना	उड़ीसा	जापान	3769.00 मिलियन येन	15.12.1988	20.7.1998	2087.797 मिलियन येन
13.	अपर इंद्रावती सिंचाई परियोजना	उड़ीसा	जापान	3744.00 मिलियन येन	15.12.1988	20.1.1999	2587.197 मिलियन येन
14.	राजस्थान लघु सिंचाई परियोजना	राजस्थान	जर्मनी	15.00 मिलियन डीएम	29.4.1988	31.12.1995	8.053 मिलियन डीएम
15.	लिफ्ट सिंचाई परियोजना	उड़ीसा	जर्मनी	55.00 मिलियन डीएम	19.12.1993	30.12.2020	49.100 मिलियन डीएम
16.	महाराष्ट्र में फसलों के विविधिकरण के लिए जल नियंत्रण प्रणाली	महाराष्ट्र	ईईसी	15.00 मिलियन ईसीयू	25.10.1988	31.12.1994	11.920 मिलियन ईसीयू
17.	कालाव सिंचाई प्रणाली फेज-II, तमिलनाडु	तमिलनाडु	ईईसी	24.50 मिलियन ईसीयू	27.4.1989	31.10.1995	13.518 मिलियन ईसीयू
18.	लघु सिंचाई परियोजना	केरल	ईईसी	11.80 मिलियन ईसीयू	21.5.1992	31.12.1998	11.800 मिलियन ईसीयू
19.	सिद्धमुख एवं नोहर परियोजना	राजस्थान	ईईसी	43.00 मिलियन ईसीयू	7.6.1993	31.12.2000	43.0000 मिलियन ईसीयू